मानवाधिकार कार्यकर्ताओं संबंधी घोषणा

दुनिया भर में मान्यता प्राप्त मानवाधिकारों और बुनियादी स्वतंत्रता को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए व्यक्तियों, समूहों और समाज के अंगों के अधिकार और उत्तरदायित्व संबंधी घोषणा

09.12.1998

घोषणा स्वीकृत करने की तिथि

संयुक्त राष्ट्र आम सभा द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत

कार्यकर्ता कौन हैं?

साधारण स्त्री-पुरुष जो मानवाधिकारों के सम्मान, उदाहरण के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता; महिलाओं, मूलनिवासियों या गे, लेस्बियन, ट्रांसजेंडर और इंटरसेक्स लोगों के अधिकारों के लिए कार्य करते हैं. वे अकेले या संगठन बनाकर कार्य कर सकते हैं.

आप मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की मदद कैसे कर सकते हैं?

- मानवाधिकार कार्यकर्ताओं संबंधी घोषणा की जानकारी प्रसारित करके
- मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के कार्यों को मान्यता देकर
- उन संगठनों की मदद करके जो मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की मदद और रक्षा करते हैं
- जोखिम का सामना कर रहे कार्यकर्ताओं के लिए कार्य करके
- मानवाधिकार कार्यकर्ता बनकर! हर एक का अधिकार और जिम्मेदारी है कि वह मानवाधिकारों को बढ़ावा दे और उनकी रक्षा करे.

घोषणा की क़ानूनी हैसियत क्या है?

घोषणा मानवाधिकारों के प्रोत्साहन और संरक्षण के लिए प्रासंगिक बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय कानून पर आधारित है और यह उसे सुदृढ़ एवं प्रतिबिंबित करती है.

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को प्राप्त अधिकार और सुरक्षा

- अपने-अपने देश और वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों को बढ़ावा देना
- अकेले या दूसरों के साथ मिलकर मानवाधिकारों की रक्षा करना
- संघों और गैर-सरकारी संगठनों का निर्माण करना
- शांतिपूर्वक बैठक करना या सभा करना
- मानवाधिकारों से संबंधित जानकारियों की तलाश करना, उन्हें प्राप्त करना और अपने पास में रखना
- मानवाधिकार संबंधी नए विचारों और सिद्धांतों का विकास करना, उन पर विमर्श करना एवं उनकी स्वीकृति के लिए वकालत करना
- सरकारों के कामकाज में सुधार के लिए उनके समक्ष आलोचना और प्रस्ताव प्रस्तुत करना और मानवाधिकारों के कार्यान्वयन संबंधी किसी भी खतरे के प्रति उन्हें सतर्क करना
- मानवाधिकारों से संबंधित आधिकारिक नीतियों और कानूनों के बारे में शिकायत दर्ज करना और ऐसी शिकायतों की समीक्षा सुनिश्चित करना
- मानवाधिकारों की रक्षा के लिए पेशेवर योग्य कानूनी सहायता या अन्य सलाह और मदद की पेशकश करना और उन्हें मुहैया कराना
- राष्ट्रीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों के अनुपालन का आकलन करने के लिए सार्वजनिक सुनवाई, कार्यवाही और मुकदमों में शामिल होना
- गैर-सरकारी और अंतर-सरकारी संगठनों के साथ बिना किसी बाधा के संवाद करना
- प्रभावी उपाय से लाभ उठाना
- वैध तरीके से मानवाधिकार कार्यकर्ता का पेशा करना
- मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय कानून के तहत प्रभावी सुरक्षा
- मानवाधिकारों की रक्षा के लिए संसाधनों की मांग करना, उन्हें प्राप्त करना और उनका उपयोग करना

अनुच्छेद 1, 5, 6, 7, 8, 9, 11, 12 और 13

राज्यों के कर्तव्य

- सभी तरह के मानवाधिकारों की रक्षा, प्रोत्साहन और कार्यान्वयन
- यह सुनिश्चित करना कि राज्य के अधिकार क्षेत्र में सभी लोग तमाम मानवाधिकारों और बुनियादी स्वतंत्रताओं का उपभोग कर सकें
- ऐसे कानूनी, प्रशासनिक और अन्य कदम उठाना जिससे कि अधिकारों और स्वतंत्रता का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके
- मानवाधिकार उल्लंघन के पीड़ित होने का दावा करने वाले व्यक्तियों को प्रभावी सुरक्षा प्रदान करना
- मानवाधिकारों के कथित उल्लंघनों की तत्काल और निष्पक्ष जांच करना
- मानवाधिकार संबंधी कार्यों के परिणामस्वरूप अगर कोई किसी भी तरह की हिंसा, धमकी, प्रतिशोध, प्रतिकूल भेदभाव, दबाव या किसी अन्य मनमानी कार्रवाई का सामना करता है तो उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करना
- नागरिक, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की आम समझ को बढ़ावा देना
- स्वतंत्र राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों का निर्माण और विकास सुनिश्चित करना और इस कार्य में मदद करना
- औपचारिक शिक्षा और पेशेवर प्रशिक्षण के सभी स्तरों पर मानवाधिकारों के शिक्षण को बढ़ावा देना

अनुच्छेद 2, 9, 12, 14 और 15

हर व्यक्ति की जिम्मेदारी

- मानवाधिकारों को बढ़ावा देना, लोकतंत्र और इसकी संस्थानों की सुरक्षा करना और दूसरों के मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं करना
- ऐसे व्यक्तियों जैसे पुलिस अधिकारी, वकील, न्यायाधीश आदि जिनके अपने पेशेगत जिम्मेदारियों के निर्वहन से दूसरों के मानवाधिकार प्रभावित हो सकते हैं, पर विशेष रूप से इन अधिकारों की रक्षा की ज़िम्मेदारी है

अनुच्छेद 10, 11 और 18

अधिक जानकारी के लिए देखें : www.protecting-defenders.org

Design by Oh ! Ilaliss